# Himachal Dastak 21-08-2026

## स्कूल शिक्षा बोर्ड में मनाया सद्भावना दिवस



**धर्मशाला।** हिमाचल प्रदेश स्कूल शिक्षा बोर्ड धर्मशाला में वीरवार को सद्भावना दिवस के अवसर पर कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस अवसर पर बोर्ड के सचिव अंकुश शर्मा ने समस्त अधिकारियों एवं कर्मचारियों को सद्भावना दिवस की शपथ दिलाई। इस अवसर पर बोर्ड के अध्यक्ष डॉ. राजेश शर्मा ने कहा कि सद्भावना दिवस हमारे देश की एकता, अखंडता, सामाजिक समरसता और आपसी भाईचारे की उस भावना का प्रतीक है, जो भारत की लोकतांत्रिक एवं समावेशी परंपरा को मजबूती प्रदान करती है। उन्होंने कहा कि विविधताओं में एकता भारत की सबसे बड़ी ताकत है और प्रत्येक नागरिक का दायित्व है कि वह समाज में शांति, समानता और सद्भावना को बढ़ावा दे।

Aapka Faisla Dt.21-08-26

# हिमाचल स्कूल शिक्षा बोर्ड में दिया एकता, अखंडता एवं सामाजिक समरसता का संदेश



धर्मशाला, ( आपका फैसला )। हिमाचल प्रदेश स्कूल शिक्षा बोर्ड, धर्मशाला में आज सद्भावना दिवस के अवसर पर कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस अवसर पर बोर्ड के सचिव श्री अंकुश शर्मा ने समस्त अधिकारियों एवं कर्मचारियों को सद्भावना दिवस की शपथ दिलाई। इस अवसर पर बोर्ड के अध्यक्ष डॉ. राजेश शर्मा ने कहा कि सद्भावना दिवस हमारे देश की एकता, अखंडता, सामाजिक समरसता और आपसी भाईचारे की उस भावना का प्रतीक है, जो भारत की लोकतांत्रिक एवं समावेशी परंपरा को मजबूती प्रदान करती है। उन्होंने कहा कि विविधताओं में एकता भारत की सबसे बड़ी ताकत है और प्रत्येक नागरिक का दायित्व है कि वह समाज में शांति, समानता और सद्भावना को बढ़ावा दे। डॉ. राजेश शर्मा ने कहा कि शिक्षा व्यवस्था केवल ज्ञान प्रदान करने तक सीमित नहीं है, बल्कि यह जिम्मेदार नागरिकों और मजबूत समाज के निर्माण का माध्यम भी है। हिमाचल प्रदेश स्कूल शिक्षा बोर्ड से जुड़े प्रत्येक अधिकारी एवं कर्मचारी का दायित्व है कि वह निष्पक्षता, पारदर्शिता, ईमानदारी और संवेदनशीलता के साथ अपने कर्तव्यों का निर्वहन करे। उन्होंने सभी से आह्वान किया कि जाति, धर्म, भाषा, क्षेत्र एवं अन्य सभी प्रकार के भेदभाव से ऊपर उठकर समानता, मानवता और भाईचारे की भावना को मजबूत करें तथा अपने कार्य एवं आचरण के माध्यम से समाज में सकारात्मक संदेश दें। शपथ के दौरान अधिकारियों एवं कर्मचारियों ने देश की एकता एवं अखंडता बनाए रखने, आपसी सद्भाव एवं भाईचारे को बढ़ावा देने तथा अपने दायित्वों का निष्ठापूर्वक निर्वहन करने का संकल्प लिया।

# Message of Unity, Integrity, and Social Harmony at the Himachal Pradesh Board of School Education on Sadbhavana Diwas



SANJAY AGGARWAL
DHARAMSHALA AUG 20 : A program was organized today at the Himachal Pradesh Board of School Education, Dharamshala, to mark Sadbhavana Diwas (Harmony Day). On this occasion, the Board's Secretary, Shri Ankush Sharma, administered the Sadbhavana Diwas pledge to all officers and employees. Speaking on the occasion, the Board's Chairman, Dr. Rajesh Sharma, stated that Sadbhavana Diwas symbolizes the spirit of unity, integrity, social harmony, and mutual brotherhood that strengthens India's democratic and inclusive traditions. He remarked that unity in diversity is India's greatest strength and that it is the responsibility of every citizen to promote peace, equality, and goodwill within society. Dr. Rajesh Sharma emphasized that the education system is not merely about imparting knowledge but also serves as a medium for building responsible citizens and a strong society. He noted that every officer and employee associated with the Himachal Pradesh Board of School Education has a duty to discharge their responsibilities with impartiality, transparency, honesty, and sensitivity. He urged everyone to rise above all forms of discrimination—whether based on caste, religion, language, or region—to strengthen the spirit of equality, humanity, and brotherhood, and to convey a positive message to society through their work and conduct. During the pledge-taking ceremony, the officers and employees resolved to uphold the nation's unity and integrity, foster mutual harmony and brotherhood, and discharge their duties with dedication.

FRI,21 AUGUST 2026
EDITION: KANGRA KESARI, PAGE NO. 3

# शिक्षा बोर्ड में भी मनाया सद्भावना दिवस

धर्मशाला, 20 अगस्त (ब्यूरो) : हिमाचल प्रदेश स्कूल शिक्षा बोर्ड मे सद्भावना दिवस पर कार्यक्रम आयोजित किया गया। बोर्ड सचिव अंकुश शर्मा ने अधिकारियों व कर्मचारियों को देश की एकता, अखंडता और आपसी भाईचारे की रक्षा की शपथ दिलाई। बोर्ड अध्यक्ष डॉ. राजेश शर्मा ने कहा कि विविधता मे एकता भारत की सबसे बड़ी ताकत है।